**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भाुक्रवार** **दिनांक 29.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचार :–**

1– केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब हर राज्य को अपने एग्री–क्लाइमेटिक हालात, उपलब्ध संसाधनों और स्थानीय संभावनाओं के आधार पर कृषि रोडमैप तैयार करना चाहिए।

2– प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत छत्तीसगढ़ सहित बारह राज्यों को दस हजार इक्कीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई।

3– रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय आम महोत्सव का राज्यपाल ने किया शुभारंभ।

4– मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश होने, अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी।

**<u>राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन</u>**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब हर राज्य को अपने एग्री–क्लाइमेटिक हालात, उपलब्ध संसाधनों और स्थानीय संभावनाओं के आधार पर कृषि रोडमैप तैयार करना चाहिए। केंद्र सरकार, वैज्ञानिक संस्थान और मंत्रालय की पूरी टीम राज्यों के साथ इस दिशा में काम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन में भारत विश्व में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है।

सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने वैज्ञानिकों से कहा कि वे किसानों की जरूरत के अनुसार तेज, व्यवहारिक और मांग–आधारित शोध करें। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि वे "खेत बचाओ अभियान" के माध्यम से किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि एक से तीस जून तक चलने वाले इस अभियान में जनप्रतिनिधि, वैज्ञानिक, अधिकारी और किसान मिलकर खेत–स्तर पर जागरूकता बढ़ाएं।

सम्मेलन में राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी शामिल हुए। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि राज्य सरकार ''नवा अंजोर विज़न–दो हजार सैंतालीस'' के जरिए राज्य के लगभग चालीस लाख किसान परिवारों के आर्थिक उत्थान के लिए काम कर रही है।

**<u>प्रधानमंत्री आवास योजना–राशि</u>**

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत छत्तीसगढ़ सहित बारह राज्यों को दस हजार इक्कीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "हर गरीब को पक्का घर" का संकल्प तेजी से पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस सहायता से छत्तीसगढ़ के हजारों ग्रामीण परिवारों के पक्के घर का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी पात्र परिवारों तक योजना का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस–ऐप**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने आज नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान ऐप के प्रायोगिक संस्करण का शुभारंभ किया। इस डिजिटल एप्लिकेशन का उद्देश्य देशभर के स्कूलों और कॉलेजों को तंबाकू मुक्त बनाना है।

**<u>राष्ट्रीय आम महोत्सव</u>**

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विष्वविद्यालय में आज से राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका ने किया। वहीं, समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव

साय ने की। इस मौके पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल अति विषिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल हो रहे हैं।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह महोत्सव हमारे कृषि परंपरा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, उद्यानिकी नवाचार और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। वहीं, मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय आम महोत्सव को प्रदेश के किसानों के लिए लाभदायक बताया है।

उद्यानिकी और प्रक्षेत्र वानिकी और इंदिरा गांधी कृषि विष्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस महोत्सव में आम की विभिन्न किस्मों की प्रदर्षनी लगाई गई है। यह प्रदर्षनी हर दिन दोपहर बारह बजे से रात नौ बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

**माओवादी–सामग्री बरामद**

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की पुलिस ने आत्मसमर्पण कर चुके माओवादियों से मिली सूचना के आधार पर एक संयुक्त अंतरराज्यीय अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने गढ़चिरौली–नारायणपुर सीमा के जंगलों में संचालित किए जा रहे माओवादियों के हथियार निर्माण केंद्र से हथियार, विस्फोटक और शस्त्र निर्माण सामग्री बरामद किए। बरामद कई माओवादी सामग्रियों को घटनास्थल पर ही नष्ट भी किया गया।

**मुख्यमंत्री–मुलाकात**

पद्मश्री सम्मान से अलंकृत डॉक्टर सुनीता गोडबोले और डॉक्टर रामचंद्र गोडबोले ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही मुख्यमंत्री ने बस्तर के सुदूर जनजातीय अंचलों में दशकों से निःस्वार्थ चिकित्सा सेवा प्रदान करने के उनके योगदान की सराहना की। वहीं, गोडबोले दंपत्ति ने आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी से भी मुलाकात की। इस दौरान श्री चौधरी ने उन्हें इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

**आईटीआई–आवेदन**

राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं–आईटीआई की रिक्त सीटों पर प्रवेष के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी पंद्रह जून तक आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। संचालनालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रवेष की प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। पहले चरण की चयन सूची सोलह से बाईस जून तक जारी की जाएगी। वहीं, दूसरी चरण की चयन सूची छब्बीस जून से तीन जुलाई और तीसरे चरण की चयन सूची आठ से बारह जुलाई तक जारी की जाएगी।

**मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से अंदरुनी ओड़िशा, राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा उत्तर छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है। वहीं, एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना हुआ है। इसके अलावा बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन लगातार हो रहा है। इसके असर से प्रदेश के मौसम में बदलाव होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। वहीं, कुछ स्थानों में हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं।

**बातों–बातों–में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार **ग्रीष्मलहर और मानसून पर रायपुर स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक डॉक्टर गायत्री वाणी से** ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल तीस मई को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– मोहला–मानपुर–अम्बागढ़ चौकी जिले के पानाबरस में आदिम आस्था स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और जनजातीय संस्कृति सुरक्षा अभियान के तहत महासभा का आयोजन किया गया। इसमें उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे शामिल हुए।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा "विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के तहत सत्ताईस से तीस मई तक मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक जन–जागरूकता और निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने कोरबा जिले के पोड़ी–उपरोड़ा विकासखंड के तुमान में चल रहे सुशासन तिहार समाधान शिविर में एक लिपिक प्रदीप मिश्रा को चालीस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

– कोरबा जिले के पसान तहसील के पटवारी को एक किसान से दस हजार रूपए की रिश्वत लेने के आरोप में एसडीएम ने निलंबित कर दिया है।

– बालोद जिले की पुरूर थाना पुलिस ने स्कूटी से गांजा तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से बारह किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत छह लाख रूपए से अधिक बताई गई है।

– रोजगार कार्यालय रायपुर द्वारा अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए पांच जून को शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज, बैरन बाजार में विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

**<u>"नियद नेल्लानार योजना–टू प्वाइंट ओ"</u>**

छत्तीसगढ़ सरकार "नियद नेल्लानार योजना–टू प्वाइंट ओ" के तहत वामपंथ उग्रवाद से मुक्त क्षेत्रों और वनांचलों के सभी ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर शत–प्रतिशत लाभ पहुंचाएगी। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में इस योजना की रूपरेखा पर आज चर्चा की गई।

योजना के तहत दूसरे चरण में इकतीस व्यक्तिगत हितग्राही योजनाएं, चौदह सामुदायिक सुविधाएं और दस आवश्यक सेवाएं गांव–गांव तक पहुंचाई जाएंगी। सरकार द्वारा ग्रामीणों को मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना और कौशल विकास जैसी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सुविधाएं, सड़क और मोबाइल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवाएं, पंचायत भवन और नए कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>